सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# भारतीय सर्वेक्षण विभाग
# SURVEY OF INDIA

Save Paper.
Save Trees.
Save the World.

टेलीफैक्स : +91-135-2744064, 2743331
Telefax : +91-135-2744064, 2743331
वेबसाइट Website : www.surveyofindia.gov.in
ई-मेल E-Mail : sgo.hindi.soi@gov.in

महासर्वेक्षक का कार्यालय
SURVEYOR GENERAL'S OFFICE
डाक बक्स सं० 37, POST BOX No.37,
देहरादून-248001 (उत्तराखण्ड)-भारत।
DEHRA DUN-248001 (Uttarakhand), INDIA

सं० हि०- 3609 /1445(रा.भा.का.स.)

दिनांक : 11 जुलाई, 2023

सेवा में

अपर महासर्वेक्षक (तकनीकी)/ उप महासर्वेक्षक (नीति एवं योजना)/उप महासर्वेक्षक (मानव संसाधन)/उप महासर्वेक्षक (सतर्कता)/उप महासर्वेक्षक कार्य अध्ययन एकक/उप महासर्वेक्षक (प्रशासन)/ निदेशक (प्रशासन एवं वित्त)/ उप महासर्वेक्षक (तकनीकी)/सहायक महासर्वेक्षक/ तकनीकी सचिव/ परियोजना अधिकारी -I/ परियोजना अधिकारी-II/ प्रभारी अधिकारी कार्य अध्ययन एकक एवं जे०सी०एम० / उप भण्डार अधिकारी/स्था० एवं लेखा अधि० (प्रशा०)/ स्था० एवं लेखा अधि० (बजट)/स्था० एवं लेखा अधिकारी (गोपनीय)/ सहायक भंडार अधिकारी/प्रभारी जी०आई०एस० टेक्नोलॉजी सेंटर (म०स०का०) ।

विषय : <u>महासर्वेक्षक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।</u>

संदर्भ : महासर्वेक्षक कार्यालय का दिनांक 20 जून, 2023 का पत्र सं० हि०-3188/1445 (रा०भा०का०स०)।

महासर्वेक्षक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 21 जून, 2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की प्रति आपको सूचना एवं आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई के लिए भेजी जाती है ।

अनुलग्नक – यथोपरि ।

10/07/2023.

(प्रशांत कुमार)
उप महासर्वेक्षक
कृते भारत के महासर्वेक्षक ।

प्रतिलिपि, बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सहित निम्नलिखित को प्रेषित :-

1. सचिव, भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली – 110016 ।
2. उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर), 302 सी०जी०ओ० भवन, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद ।
3. महासर्वेक्षक कार्यालय के सभी परियोजना अधिकारियों को समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।
4. कार्यालय अधीक्षक स्था०1/स्था०2/स्था०3/बजट/विधिक/स्था० प्रशा० एवं वेतन/सतर्कता/गोपनीय/ विनियम अनुभागों को समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।
5. प्रभारी, तकनीकी अनुभाग/जे०सी०एम० एवं का०अ०ए०/आर०टी०आई०/भंडार शाखा/जी०आई०एस० टैक्नोलॉजी सेंटर/सीमा सत्यापन विंग को उपरोक्त समरूप कार्रवाई के लिए प्रेषित ।

## महासर्वेक्षक कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 21.06.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त ।

महासर्वेक्षक कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 21.06.2022 को दोपहर 12:00 बजे श्री सुनील कुमार, भारत के महासर्वेक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अनुभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

1. ब्रिगेडियर बी० सरीन चंदर, अपर महासर्वेक्षक
2. श्री प्रशांत कुमार, उप महासर्वेक्षक
3. श्री नितिन जोशी, उप महासर्वेक्षक
4. श्री शूरवीर सिंह चौहान, निदेशक (प्रशा० एवं वित्त)
5. श्री उपकार पाठक, अधीक्षण सर्वेक्षक, प्रभारी (राजभाषा)
6. श्री हर्ष प्रिय उनियाल, सहायक भण्डार अधिकारी
7. श्री अजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक, स्थानीय प्रशासन एवं वेतन अनुभाग
8. श्रीमती विभा शर्मा, कार्यालय अधीक्षक, स्थापना-2, अनुभाग
9. श्री नरेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक, विधिक अनुभाग
10. श्री पवन कुमार, कार्यालय अधीक्षक, विनियम अनुभाग
11. श्री वाई०ए० नकवी, कार्यालय अधीक्षक, स्थापना-1, अनुभाग
12. श्री डी०एस० रावत, कार्यालय अधीक्षक, गोपनीय अनुभाग
13. श्री आशुतोष कुमार, प्रवर श्रेणी लिपिक, स्थापना-3 अनुभाग
14. श्रीमती सरोज बलूनी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग
15. श्री समीर, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग
16. श्री शान्ति प्रकाश, पेंटर, हिंदी अनुभाग

### मद सं० 1 – समिति की दिनांक 15.12.2022 को हुई बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि : -

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 15.12.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 23-12-2022 के पत्र सं० हि०-6918/1445(रा०भा०का०स०) के अंतर्गत सभी अनुभागों को अनुवर्ती कार्रवाई हेतु भेज दिया गया था ।

### मद सं० 2 –समिति की पिछली बैठक की सिफारिशों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट:-

**1) हिंदी के स्लोगन तैयार कर कार्यालय में लगवाए जाएं :-**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में हिंदी भाषा,स्वच्छता, पर्यावरण तथा जल संरक्षण से संबंधित 25 स्लोगन तैयार कर कार्यालय की गैलरी में लगवा दिए गए हैं ।

अध्यक्ष महोदय ने इसे सराहनीय कार्य बताते हुए कहा कि स्लोगनों को स्थायी रूप से उचित स्थान पर लगाया जाए ।

2) **अनुभागों द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय पर भेजना :-**

सहायक निदेशक (रा०भा०) ने समिति को जानकारी दी कि सभी अनुभागों द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय पर भेजी गई। तत्पश्चात् महासर्वेक्षक कार्यालय की समेकित तिमाही प्रगति रिपोर्ट भी विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी समय पर भेज दी गई । उन्होंने कहा कि सभी अनुभाग प्रभारी भविष्य में इसी प्रकार प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के पश्चात् तिमाही रिपोर्ट समय पर भेजना सुनिश्चित करें ।

**मद सं० 3 – महासर्वेक्षक कार्यालय की 31-03-2023 को समाप्त अवधि की हिन्दी के प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2023-2024 के वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति पर विचार-विमर्श :-**

महासर्वेक्षक कार्यालय में 31.12.2022 और 31.03.2023 को समाप्त तिमाही के दौरान क,ख,ग क्षेत्र के साथ किए गए हिंदी पत्राचार का तुलनात्मक विवरण एवं समग्र पत्राचार का प्रतिशत निम्नवत् रहा:

**कार्यालय के विभिन्न अनुभागों में हिंदी पत्राचार का तुलनात्मक विवरण**

| | 31.03.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 | 31.12.2022 |
|---|---|---|---|---|
| | 'क', 'ख' क्षेत्रों को भेजे गए पत्र<br>लक्ष्य 100% | 'क', 'ख' क्षेत्रों को भेजे गए पत्र<br>लक्ष्य 100% | 'ग' क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे गए पत्र<br>लक्ष्य 65% | 'ग' क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे गए पत्र<br>लक्ष्य 65% |
| | प्रतिशत | प्रतिशत | प्रतिशत | प्रतिशत |
| स्था० प्रशा० एवं वे० | 98.6% | 99.3% | - | - |
| स्थापना-1 | 90.7% | 100% | 100% | - |
| स्थापना-2 | 100% | 100% | 100% | 100% |
| स्थापना-3 | 100% | 100% | 100% | 100% |
| बजट | 96.2% | 96.4% | 81.8% | 76.9% |
| विनियम | 100% | 100% | 100% | 100% |
| तकनीकी | 95.3% | 89.4% | 93% | 71.4% |
| गोपनीय | 96.6% | 98.1% | 90% | 97.4% |
| जे०सी०एम०एवं का०अ०ए० | 87.6% | 97.8% | 100% | 100% |
| विधिक सैल | 91.5% | 89% | 82.5% | 84.4% |
| हिंदी अनुभाग | 100% | 100% | 100% | 100% |
| भंडार अनुभाग | 100% | 100% | - | - |
| आर०टी०आई० | 92.1% | 90.6% | - | 100% |
| भंडार कार्यालय | 100% | 100% | - | - |

**समग्र पत्राचार**

| | पिछली तिमाही में | इस तिमाही में | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | 97.4% | 97.1% | 100% |
| 'ख' क्षेत्र में | 97.7% | 97.1% | 100% |
| 'ग' क्षेत्र में | 95% | 95.3% | 65% |

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2023-2024 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य:-

वर्ष 2023-2024 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित मुख्य मदें इस प्रकार हैं ।

1) 'क', 'ख' क्षेत्रों को शतप्रतिशत पत्र राजभाषा हिंदी में भेजे जाएं ।
2) 'ग' क्षेत्र को 65% पत्र राजभाषा हिंदी में भेजे जाएं ।
3) हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाएं ।
4) 75% टिप्पणियां हिंदी में लिखी जाएं ।
5) 50% हिंदी पुस्तकों की खरीद की जाएं ।
6) कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद की जाएं।

**मद सं० 4 – हिन्दी, हिन्दी टाइपिंग और हिन्दी आशुलिपि में अप्रशिक्षित कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करना तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा अर्जित ज्ञान के उपयोग पर विचार** :-

1) महासर्वेक्षक कार्यालय के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी हिंदी भाषा में प्रशिक्षित हैं । कार्यालय में तैनात सभी आशुलिपिक हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षित हैं ।
2) कार्यालय के 05 कार्मिकों ने पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से 23 जनवरी, 2023 को हिन्दी टाइपिंग की परीक्षा दी। परीक्षा परिणाम प्राप्त हो चुका है । सभी कार्मिक परीक्षा के प्रश्न-पत्र दो में अनुतीर्ण रहे अत: उन्हें जुलाई, 2023 में पूरक परीक्षा में शामिल होने के लिए केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान को पत्र भेज दिया गया है । इसके अतिरिक्त कार्यालय के 05 अन्य कार्मिकों को अगस्त 2023 के प्रशिक्षण सत्र में नामित करने के संबंध में पत्र केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान को भेजा गया ।
3) अध्यक्ष महोदय ने यह सूचित करने को कहा है कि जो कार्मिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं वे पूरी तैयारी से ही सम्मिलित हो जिससे कि प्रथम प्रयास में ही वे उत्तीर्ण हों ।

**मद सं० 5- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति द्वारा किये गए निरीक्षण पर चर्चा ।**

बैठक में सदस्य-सचिव ने संसदीय समिति द्वारा किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट की जानकारी दी और कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट की विभिन्न मदों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित अनुभागों को पत्र भेज दिया गया है । आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट समिति सचिवालय को समय पर भेज दी जाएगी ।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि कार्यालय में अंग्रेजी में उपलब्ध कोड/मैनुअलों/अध्यायों को समयबद्ध तरीके से कार्यान्वित करें तथा समय-समय पर इसका मॉनीटरन भी करते रहें ।

जोनल तथा अधीनस्थ कार्यालयों के निरीक्षण के लिए एक रोस्टर तैयार किया जाए तथा जोनल कार्यालयों को निदेश दिए जाएं कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों का समय-समय पर निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट महासर्वेक्षक कार्यालय को भेजें ।

सहायक निदेशक (रा०भा०) ने समिति को सूचित किया कि महासर्वेक्षक कार्यालय के निरीक्षण दल द्वारा दिनांक 25, 27 और 28 अप्रैल, 2023 को विभाग के 7 स्थानीय कार्यालयों का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान पाई गई कामियों में आवश्यक सुधार करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए। उन्होंने अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध किया कि अनुभाग में उपलब्ध सभी चालू फाइलों (Current File) और रजिस्टरों के शीर्षक अनिवार्यत: द्विभाषी रूप में लिखे जाए ।

**<u>मद सं० 6- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय चर्चा ।</u>**

बैठक के अंत में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि महासर्वेक्षक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के पश्चात् शीध्र आयोजित की जाए ।

बैठक अध्यक्ष महोदय तथा कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद देकर समाप्त हुई।

**********